भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 591
दिनांक 07 फरवरी, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स में शल्य क्रिया के लिए लंबी प्रतीक्षा अवधि

591 # श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में गंभीर बीमारियों का इलाज करा रहे मरीजों की शल्य क्रिया हेतु अत्यधिक लंबे समय की तिथि दी जा रही है जिसके कारण वे और अस्वस्थ हो सकते हैं;

(ख) क्या यह सच है कि निजी अस्पतालों में समर्थ व्यक्ति उन्हीं शल्य क्रियाओं को चंद दिनों में कराकर स्वास्थ्यलाभ पा रहा है जबकि एम्स में गरीब मरीजों को वर्षों लंबी अवधि की तिथि मिल रही है; और

(ग) आज की तिथि में एम्स में कितने मरीज शल्य क्रिया हेतु तय राशि जमा करा चुके हैं, लेकिन उनका ऑपरेशन नहीं हुआ है ?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ भारती प्रविण पवार)

(क) से (ग): एम्स, नई दिल्ली और इसके विभिन्न केन्द्रों की अतरंग रोगी बिस्तर क्षमता 3279 है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पी एम एस एस वाई) के तहत अनुमोदित 22 नए एम्स की संस्वीकृत बिस्तर क्षमता 18250 है। वर्ष 2021-22 के दौरान एम्स नई दिल्ली में लगभग 25.33 लाख बहिरंग-रोगियों, 2.02 लाख अतरंग रोगियों का इलाज हुआ और 1.44 लाख शल्य प्रक्रियाएं निष्पादित की गई। एम्स में विभिन्न नैदानिक विभाग रोगी की हालत, अपेक्षित इलाज की अविलंब आवश्यकता और किसी विशिष्ट दिन में बिस्तर की उपलब्धता के अनुसार एडमीशन चाहने वाले रोगियों के लिए अपनी स्वयं की प्रतीक्षा सूची बनाता है।

****